nandgaon times march-14-1.qxd 3/13/2025 8:24 PM Page 1




# नांदगांव टाइम्स




शुक्रवार, 14 मार्च 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 149, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए






राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। आज रात होलिका दहन में हालिका जल जाएगी एवं प्रहलाद सुरक्षित बाहर आएगा।

### ईडी पर चढ़ गया ‟भगवा रंग” कांग्रेस के बयान पर सीएम साय का पलटवार

# कहा- चुनाव में हार के बाद उन्हें रात दिन भगवा रंग ही नजर आता है



**रायपुर।** ईडी पर ‟भगवा रंग” चढ़ने के कांग्रेस के आरोप पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पलटवार किया है. सीएम साय ने कहा कि कांग्रेसी इतने बुरे तरीके से सभी चुनाव में हारे हैं. इसलिए वे बौखलाए हुए हैं, उनको अभी कुछ सूझ नहीं रहा है. रात-दिन ईवीएम और भगवा रंग ही नजर आता है. दरअसल, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायपुर सिविल लाइन हेलीपैड से अपने गृह ग्राम बगिया (जशपुर) के लिए रवाना हुए हैं. इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रदेशवासियों को होली की बधाई दी और भाईचारे के इस पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की. उन्होंने कहा कि होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम और आपसी सद्भाव का संदेश देने वाला पर्व है. यह पुराने गिले-शिकवे भुलाकर नए सिरे से जीवन जीने का अवसर देता है. छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के पुनर्वास को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि राज्य में पहले से पुनर्वास नीति लागू थी, लेकिन अब उसे हम और बेहतर बना रहे है. इसके लिए गृहमंत्री विजय शर्मा कई प्रदेशों का दौरा करके पुनर्वास नीति बनाए हैं. भारतमाला प्रोजेक्ट में गड़बड़ी को लेकर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि इस मामले की जांच आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा करेगी. उन्होंने साफ कहा कि जांच में जो भी दोषी पाए जाएंगे उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी.



राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। प्रतिमा और साक्षात का दर्शन का संयोग बहुत कम ही होता है गौमाता की जय।

### प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के रंग सबसे अनमोल: मुख्यमंत्री साय ने प्रदेशवासियों को होली की दी हार्दिक शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को रंगों और उल्लास के महापर्व होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने इस पावन अवसर पर सभी नागरिकों के जीवन में सुख, समृद्धि, आनंद और परस्पर प्रेम की कामना की है।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि यह हमारे जीवन में नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार करने वाला पर्व है। यह त्यौहार हमें सिखाता है कि जीवन में प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के रंग सबसे अनमोल हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि होली का त्यौहार सदियों से भारतीय संस्कृति का एक अभिन्न अंग रहा है, जहां भेदभाव मिट जाते हैं, और लोग आपसी स्नेह, उल्लास और उमंग के रंगों में घुल-मिल जाते हैं। यह पर्व हमें बुराई पर अच्छाई की विजय, प्रेम की जीत और समाज में सौहार्द्र को और मजबूत करने का संदेश देता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी प्रदेशवासियों से आग्रह किया कि हम सभी होली के पावन पर्व को प्रेम, सौहार्द और आनंद के साथ मनाएं, एक-दूसरे के जीवन में खुशियों के रंग भरें और छत्तीसगढ़ की समरसता और एकता को और अधिक सशक्त बनाएं।

## अवकाश सूचना

### शुभकामनाएं

**दैनिक नांदगांव टाइम्स की ओर से सभी पाठकों, संवाददाताओं एवं विज्ञापनदाताओं को होली की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई**

**- प्रबंध संपादक**

### सूचना

**होली के शुभ अवसर पर नांदगांव टाइम्स के कार्यालय में 14 एवं 15 मार्च 2025 को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 17 मार्च 2025 को प्रकाशित होगा।**

**-प्रबंध संपादक**

# कांकेतरा में फाग प्रतियोगिता हुआ आयोजित

## नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि प्रतियोगिता में शामिल हुए



**राजनांदगांव।** समस्त ग्राम वासियों के संयुक्त तत्वाधान में एकदिवसीय फाग एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें जिला पंचायत सदस्य शीला टाकेश सिन्हा जनपद उपाध्यक्ष अनीता दिगेंद्र जनपद सदस्य पूर्णिमा साहू एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्णा साहू ने कार्यक्रम में शामिल होकर मंच की शोभा बढ़ाई इसमें ग्राम वासीगण बहुत ही खुशी हुई साहू ने अपने उद्बोधन में सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं आने वाले 5 साल जनता के साथ जुड़कर उनको कार्यों को सही ढंग से निराकरण करने का सुझाव दिया और होली में सुखी होली खेलने का आवाहन किया एवं पानी बचाने के भी अपील की गई साथ ही साथ आयोजन समिति के अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष पीतांबर साहू एवं सभी सदस्यों के द्वारा सभी मंचासीन को श्रीफल एवं गुलाल लगाकर स्वागत किया गया।

# सांसद संतोष पांडे की उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ मनाया होली पर्व



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सांसद कार्यालय में आज बड़े ही हर्षोल्लास के साथ माननीय श्री सांसद संतोष पांडे जी की उपस्थिति मे होली पर्व मनाया गया। सांसद संतोष पांडे जी को अबीर गुलाल लगाकर उनके समर्थकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। माननीय श्री संतोष पांडे जी ने समस्त प्रदेश एवं जिलेवासियों को होली पर्व की बहुत-बहुत ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अधर्म पर धर्म का जीत का पर्व है असत्य पर सत्य की जीत होती है श्री पांडे जी आगे कहा कि रंगों का यह उत्सव आप सभी के जीवन में सुख समृद्धि और खुशहाली लाए यही भगवान से कामना करता हूं। इस अवसर पर आर्यन साहू , आशुतोष सिंह, कुलदीपका देवांगन, अरविंद बैंद, लक्की सिन्हा, नीरज यूके, राजेंद्र जैन ,रोहित यूके, सुभाष सिन्हा दुर्जन निषाद राकेश सिन्हा सहित भाजपा कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# भगवान राधाकृष्ण भक्तों के संग होली खेलने निकलेंगे सत्यनारायण मंदिर से

## केसरिया रंगों से रंगेंगे भक्त एवम भगवान, संतोष पांडे, मधुसूदन यादव एवं कोमल राजपूत होंगे अतिथि, श्री सत्यनारायण मंदिर समिति का भव्य आयोजन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** संस्कारधानी नगरी राजनांदगांव में पिछले 33 वर्षों से रंगोत्सव का त्यौहार श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के तत्वावधान में नागरिकों की रंगोत्सव समिति द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ भक्ति एवं श्रद्धा पूर्ण मनाया जाता है। फागुन शुक्ल पूर्णिमा को होलिका दहन के पश्चात चैत्र कृष्ण एकम को श्री सत्यनारायण मंदिर में प्राण प्रतिष्ठित अखण्ड ब्रम्हाण्ड नायक भगवान राधाकृष्ण स्वयं अपने भक्तों के साथ होली खेलने के लिए भव्य रथ पर सवार होकर शहर के प्रमुख मार्गों से निकलते हुए फागुन महोत्सव का आनंद भक्तों को प्रदान करते हैं। इस वर्ष श्री सत्यनारायण मंदिर रंगोत्सव समिति ने 14 मार्च को रंगोत्सव मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। अत: श्री रंगोत्सव समिति द्वारा भगवान राधाकृष्ण की शोभायात्रा 14 मार्च शुक्रवार को सुबह 09:00 बजे निकाली जाएगी। भगवान राधाकृष्ण युगल सरकार को मंदिर के गर्भगृह से रथ में विराजित किया जाएगा। इसके लिए समिति ने नगर के सांसद संतोष पांडे, नवनिर्वाचित महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व मंडी उपाध्यक्ष एवं जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत को आमंत्रित किया है।

श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया ने जानकारी दी कि मंदिर समिति वर्षो से हिंदू संस्कृति के विभिन्न त्योहारों को सार्वजनिक रूप से मनाती आ रही है। यह आयोजन संस्कारधानी नगरी की गरिमा के अनुरूप मनाया जाता है। इस वर्ष 14 मार्च शुक्रवार को 34वें रंगोत्सव का त्यौहार धूमधाम से मनाए जाने हेतु व्यापक तैयारियां की गई है। श्री सत्यनारायण मंदिर समिति अध्यक्ष अशोक लोहिया, सचिव सुरेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष हरीश अग्रवाल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार समिति की आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष रंगोत्सव पर नवीनता लिए भव्य रथ को तैयार किया जावेगा। रथ तैयार करने की जिम्मेदारी लक्ष्मण लोहिया को दी गई है।

### इन मार्गों से निकलेगी शोभायात्रा

श्री सत्यनारायण मंदिर रंगोत्सव समिति की ओर से जानकारी दी गई है कि रथ में भगवान राधाकृष्ण के विराजमान होने के पश्चात पूजा एवम आरती होगी तथा ठीक सुबह 9 बजे शोभायात्रा प्रारम्भ होगी, जो मंदिर कामठी लाइन से भारत माता चौक, आजाद चौक, महाकाल चौक, गांधी चौक, गौशाला पारा से तेली पारा होते हुए महालक्ष्मी मंदिर, श्री रामदेव बाबा मंदिर से उदयाचल, पुरानी गंज मंडी स्थित श्री बालाजी मंदिर के सामने से गंज लाइन, महेश पथ, तिरंगा चौक, रामाधीन मार्ग होते हुए श्री श्याम मंदिर गली से वापस कामठी लाइन स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर पहुंचेगी।

### शोभायात्रा मार्ग में होगा स्वागत सत्कार

शोभायात्रा के मार्ग में अनेक भक्तो द्वारा स्वप्रेरणा से अपने आराध्य भगवान राधाकृष्ण एवम उनके ग्वाल-बालो का स्वागत सत्कार ठंडाई, मिष्ठान, शीतल पेय, पेयजल, जलपान, फल इत्यादि से किया जाता है। इस वर्ष अनेक स्थानों पर रंगों के फुहारे से केसरिया रंग की बारिश किये जाने की तैयारियां की जा रही है।

शोभायात्रा को भव्यता प्रदान करने सभी भक्तों की एकरूपता को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष भी सभी भक्तों के लिए दुपट्टे मंगाए गए हैं। रंगोत्सव समिति द्वारा मंदिर के समक्ष रथयात्रा प्रारंभ होने के समय उपस्थित सभी भक्तों को दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया जावेगा। शोभायात्रा की विशेषता यह होती है कि प्रत्येक भक्त केशरिया रंग में रंगा होता है। रंगोत्सव समिति ने आमजनो से आग्रह किया है कि शोभयात्रा में शामिल भक्तो के ऊपर लाल, गुलाबी एवम केशरिया रंगों एवम गुलाल का प्रयोग करे। काले रंग, तैलीय रंगो का प्रयोग वर्जित रहेगा। संस्कारधानी के सभी भजन मंडलीयो एवम भजन गायको को इस अवसर पर फागुन के भजन गायन के लिए आमंत्रित किया गया है। संस्कारधानी की सभी भजन मंडलियों एवम गायक कलाकारों से चर्चा कर सहमति प्राप्त की जा चुकी है। समिति ने श्रद्धालु भक्तो से शोभायात्रा में शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया गया है। शोभायात्रा के मार्ग में माता-बहने अपने घर के सामने भगवान का पूजन कर भगवान के साथ होली खेल सकती है।



# शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत बच्चों की पढ़ाई लिखाई के लिए किए जा रहे आवश्यक जतन

## कमजोर वर्ग तथा वंचित समूह के बच्चों की निर्बाध शिक्षा व्यवस्था की जा रही सुनिश्चित, जिले में नि:शुल्क पाठ्यपुस्तक योजना अंतर्गत कक्षा 1ली से 10वीं तक के बच्चों के लिए प्रदाय की जा रही नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य शासन द्वारा बच्चों के शिक्षा के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के लिए अभिभावकों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हो इसके लिए आवश्यक जतन किए गए हैं। शासन द्वारा बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा से लोक व्यापीकरण एवं कमजोर वर्ग तथा वंचित समूह के बच्चों के साथ ही सभी विद्यार्थियों को निर्बाध शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए नि:शुल्क पाठ्यपुस्तक का वितरण किया जा रहा है। जिले में नि:शुल्क पाठ्यपुस्तक योजना अंतर्गत कक्षा 1ली से 10वीं तक के सभी शासकीय, अशासकीय और अनुदान प्राप्त विद्यालयों में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक प्रदान किया जा रहा है। इस तरह प्रारंभिक शिक्षा को लोकप्रिय बनाने तथा विद्यार्थियों में समानता का भाव लाने के लिए नि:शुल्क गणवेश प्रदाय योजना के तहत जिले के कक्षा पहली से आठवीं तक के सभी शासकीय विद्यालय एवं मदरसे में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क गणवेश प्रदाय किया जा रहा है। बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए शासकीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रथम बार प्रवेशित अनुसूचित जाति, जनजाति एवं गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार की बालिकाओ को नि:शुल्क सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत सायकल प्रदान किया जा रहा है। शिक्षा सत्र 2024-25 में जिले के कुल 6 हजार 538 पात्र बालिकाओं को नि:शुल्क सायकल प्रदान किया गया है। शासन की इस योजना से बालिका शिक्षा में आशातीत वृद्धि हुई है।




प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत जिले के कुल 1206 शासकीय एवं अनुदान प्राप्त प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में अध्ययनरत 89 हजार 308 बच्चों को गर्म एवं पौष्टिक भोजन दिया जाता है। योजना के तहत मध्यान्ह भोजन बनाने का कार्य एवं योजना का संचालन महिला स्वसहायता समूह द्वारा किया जाता है। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत 791 प्राथमिक स्तर के शालाओं में अध्ययनरत 52 हजार 576 बच्चे एवं 415 अपर प्राथमिक स्तर के शालाओं में अध्ययनरत 36 हजार 732 बच्चे मध्यान्ह भोजन से लाभान्वित हो रहे हैं। मध्यान्ह भोजन बनाने का कार्य 1206 महिला स्वसहायता समूह के 2644 रसोईयों द्वारा किया जाता है। अब तक जिले के विद्यालयों में 6 हजार 943 न्योता भोज का आयोजन किया गया है, जिसमें 4 लाख 44 हजार 821 बच्चे शामिल हुए है। पीएमश्री योजनांतर्गत जिले में 40 स्कूल को शामिल किया गया है, जहां बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। साथ ही बच्चों के पढने् लिखने के लिए बेहतर अधोसंरचना एवं सुविधाओं के साथ विकसित किया गया है।

जिले में संचालित 1336 विद्यालयों में तीन बार मेगा पालक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें 34 हजार 289 पालक शामिल हुए। इसके तहत 771 प्राथमिक शाला में 16 हजार 756, 399 पूर्व माध्यमिक शाला में 9 हजार 837, 54 हाई स्कूल में 1 हजार 670 एवं 112 हायर सेकेण्डरी स्कूल में 6 हजार 26 अभिभावक मेगा पालक बैठक में शामिल हुए। जिले के 267 प्राथमिक शालाओं में आंगनबाड़ी केन्द्रों को बालवाड़ी के रूप में विकसित किया गया है। जहां 5 से 6 वर्ष के 1437 बच्चों को नई शिक्षा नीति के तहत खेल-खेल में मनोरंजक तरीके से अध्यापन कराया जा रहा है तथा शाला के एक कक्ष को प्रिंटरिच कर अध्यापन सुविधायुक्त बनाया गया है। केन्द्रों में संबंधित शाला के शिक्षक बच्चों के लिए प्रतिदिन 2 घंटे अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

## उपमुख्यमंत्री अरुण साव से की मुलाक़ात , कर्मा जयंती के लिए किया आमंत्रित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** तहसील स्तरीय कर्मा जयंती समारोह कार्यक्रम में अतिथि के रूप में आमंत्रित करने हेतु माननीय



श्री अरुण साव जी उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन से भाजपा की वरिष्ठ नेताओ सहित साहू समाज की पदाधिकारियो ने सौजन्य मुलाकात किया। मुलाकात के दौरान जिला भाजपा उपाध्यक्ष व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रविंद्र वैष्णव, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि विनोद बारले, वरिष्ठ भाजपा नेता नीलाभ यदु, साहू समाज तहसील अध्यक्ष मंथीर साहू,मिथलेश साहू, दिलीप साहू, संतोष साहू, ढाल सिंह साहू, पुनीता साहू सहित सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

## *सिंघोला में संगीतमय पंच दिवसीय शिव पंचांग यज्ञ कथा 16 मार्च से

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** बजरंग चौक ग्राम सिंघोला में 16 मार्च से 20 मार्च 2025 तक संगीतमय पंच दिवसीय शिव पंचांग यज्ञ कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथावाचक आचार्य पंडित श्री विनोद तिवारी जी ग्राम उमरवाही वाले होंगे। कार्यक्रम के तहत 16 मार्च को यज्ञ प्रारंभ, वेदी पूजन के साथ संध्या आरती, 17 मार्च को प्रात: वेदी पूजन रुद्र अभिषेक पूजन, जाप कर्म 3 बजे से प्रवचन,इसी तरह से 18 19 एवं 20 मार्च को निरंतर जारी रहेगी 20 मार्च को 12 बजे से हवन कर्म प्रारंभ 3 बजे तक पूर्णहुती और शिवप्रसाद भोज के साथ संपन्न होगा। आयोजक समिति के शंकर लाल साहू श्रीमती अमृत बाई साहू ने क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर लाभ लेने का आग्रह किया है।



## कलेक्टर ने दिवंगत शासकीय सेवकों के आश्रितों को भेंट की अनुकंपा नियुक्ति आदेश

**मोहला ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने शिक्षा विभाग के दिवंगत शासकीय सेवकों के आश्रितों को




अनुकंपा नियुक्ति आदेश भेंट करते हुए शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि, कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी मोहला-मानपुर-अं. चौकी द्वारा शासकीय सेवा के दौरान दिवंगत हुए दो शासकीय सेवकों के पात्र आश्रित सदस्यों को भृत्य के पद पर अनुकंपा नियुक्ति आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार श्रीमती साधना लोनारे, पति स्व. श्री घनश्याम लोनारे को शासकीय हाई स्कूल, नवागांव, विकासखंड मानपुर में भृत्य के पद पर पदस्थ किया गया।

## यादव गौरव सम्मान,परिचय सम्मेलन व आदर्श विवाह भी होंगे

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पिछले दिनों जिला कोसरिया यादव समाज राजनंदगांव की विशेष सामाजिक बैठक यादव भवन डोंगरगांव में जिला अध्यक्ष श्री कंसु राम यादव की अध्यक्ष ता में रखी गई थी जिसमें जिला,तहसील,सर्किल व पचगैह्म स्तर के पदाधिकारी एवं कार्य कर्ता गण उपस्थिति देकर सामाजिक एकता का परिचय दिये हैं। आगामी माह अप्रेल के अंतिम सप्ताह में जिला कोसरिया यादव महाधिवेशन का आयोजन किया जाना तय हुआ है।बैठक का शुभारंभ भगवान् श्री राधा कृष्ण की पूजा अर्चना से हुआ। इस बार यादव समाज के लोग पंचायत,जनपद ,नगर तथा जिला पंचायत के राजनीति के क्षेत्र में उत्कृष्ट परिणाम लाये हैं और इसके लिए जिला कोसरिया यादव समाज विजय प्राप्त समाज के जन प्रतिनिधियों का विशेष सम्मान यादव गौरव सम्मान से करेगा। महाधिवेशन में समाज के प्रबुद्ध जनों के सम्बोधन के साथ- साथ समाज में शादी योग्य युवक- युवती के परिचय सम्मेलन के साथ ही उपलब्ध जोड़ों का आदर्श विवाह भी गायत्री वैदिक मंत्रों के साथ संपन्न होंगे।

# प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना से बिजली की हो रही बचत - रमेश एम चावडा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत सरकार द्वारा शहरी एवं ग्रामीण घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को अपने घरों की छत पर रूफ्टॉप सोलर प्लांट स्थापित करने के उद्देश्य से प्रोत्साहित करने के लिए प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। इस योजना के अंतर्गत राजनांदगांव जिले में घरों की छत पर रूफ्टॉप सोलर प्लांट हितग्राहियों के घरों में संयंत्र स्थापित किया जा रहा है। राजनांदगांव शहर के अनुपम नगर निवासी श्री रमेश एम चावडा ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना 1 लाख 90 हजार रूपए की लागत से 3 किलोवाट का रूफ्टॉप सोलर प्लांट लगाया है, जिसमें शासन की ओर से 78 हजार रूपए की अनुदान राशि प्राप्त हुई है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि केन्द्र सरकार की यह योजना बहुत अच्छी योजना है और इससे बिजली की बचत हो रही है। इसके साथ ही सौर ऊर्जा को बढ़ावा मिल रहा है तथा पर्यावरण की रक्षा हो रही है। सौर ऊर्जा के उपयोग से विद्युत ऊर्जा पर निर्भरता में कमी आयी है, जिससे बिजली के बिल भुगतान में कमी आयी है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को जागरूकता के साथ इस योजना का लाभ लेना चाहिए तथा अपने घरों में सौर ऊर्जा से संबंधित रूफ्टॉप सोलर प्लांट लगवाना चाहिए। शासन की ओर से इसे प्रोत्साहित किया जा रहा है। सौर ऊर्जा का विद्युत ऊर्जा के एक अच्छे विकल्प के रूप में उपयोग किया जा रहा है।



प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत स्थापित प्लांट नेट मीटरिंग द्वारा विद्युत ग्रिड से संयोजित होगा, जिससे उपभोक्ता द्वारा अपनी खपत से अधिक उत्पादित बिजली ग्रिड में सप्लाई हो जाती है। इससे न केवल उपभोक्ता के घर का बिजली बिल शून्य हो जाता है, बल्कि ग्रिड में दी गई बिजली के एवज में अतिरिक्त आय भी प्राप्त होती है। शासन द्वारा प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत 30 हजार रूपए से 78 हजार रूपए तक की सब्सिडी प्रति प्लांट दिए जाने का प्रावधान है। रूफ्टॉप सोलर संयंत्र की क्षमता अनुसार लागत राशि एवं सब्सिडी अलग-अलग है। उपभोक्ता द्वारा सोलर प्लांट के ब्रांड चयन कर सकते हैं। 3 किलोवाट से अधिक क्षमता का प्लांट लगाने पर अधिकतम 78 हजार रूपए तक सब्सिडी का प्रावधान है। प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को वेबसाईट मोबाईल एप पर पंजीयन कर लॉग इन आईडी प्राप्त करना होगा। इसके बाद वेब पोर्टल पर उपलब्ध वेंडर का चुनाव कर बिजली कर्मचारी की मदद से वेब पोर्टल पर पूर्ण आवेदन करना होगा। निर्धारित अनुबंध हस्ताक्षरित होने के पश्चात वेंडर द्वारा छत पर प्लांट की स्थापना एवं डिस्कॉम द्वारा नेट मीटर स्थापित किया जाता है। स्थापित प्लांट के सत्यापन पश्चात शासन द्वारा सब्सिडी ऑनलाईन जारी कर दी जाती है। इस दौरान यदि उपभोक्ता इच्छुक हो तो शेष राशि का प्रकरण 7 प्रतिशत ब्याज दर पर बैंक ऋण हेतु बैंकों को जनसमर्थन पोर्टल द्वारा ऑनलाईन प्रेषित किया जाता है।

# आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के लिए टीडीएस व टीसीएस पर जागरूकता सेमिनार का किया गया आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की उपस्थिति में जिले के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के लिए आयकर विभाग एवं जिला कोषालय राजनादगांव के समन्वय से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में टीडीएस व टीसीएस पर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, प्रशिक्षु वनमंडलाधिकारी, आयकर अधिकारी (टीडीएस) भिलाई सुश्री रजनी श्रीकुमार उपस्थित थे। आयकर अधिकारी (टीडीएस) भिलाई रजनी श्रीकुमार ने कहा कि आहरण संवितरण अधिकारियों एवं उनके कर्मचारियों को टीडीएस एवं टीसीएस कटौती समय पर कराना बहुत आवश्यक है। सेमिनार में रिटर्न फाईलिंग, ई-टीडीएस और टीसीएस कटौती के समय रखे जाने वाली सावधानियों के संबंध में जानकारी विस्तार से दी। सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों एवं वित्त, लेखा से जुड़े स्टाफ को टीडीएस और टीसीएस से जुड़े विभिन्न बिन्दुओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।



ई-टीडीएस और टीसीएस प्रति तिमाही रिटर्न फाईल करना चाहिए। ई-टीडीएस व टीसीएस रिटर्न की देय तिथियां, टीडीएस व टीसीएस से संबंधित कोई अन्य मुद्दे सहित अन्य विषयों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।सेमिनार में बताया गया कि टीडीएस कटौती का चालान का मेल न खाना, त्रैमासिक ई-टीडीएम व टीसीएस रिटर्न की गलत फाइलिंग, त्रैमासिक रिटर्न देरी से दाखिला करने के कारण कटौतीकर्ताओं के खिलाफबकाया मांग के लिए स्वत: नोटिस जारी हो जाता है। इन त्रुटियों के कारण केन्द्र व राज्य सरकार तथा आयकर विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों का समय बर्बाद होता है। शासकीय सेवक एवं शासकीय विभागों से भुगतान प्राप्त करने वाले व्यक्तियों को समय पर रिफंड नहीं मिलने से मानसिक एवं आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

# सड़क किनारे लगे पेड़ पौधों को रंग लगाकर भोज साहू पर्यावरण प्रेमी ने पर्यावरण संरक्षण दिया

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** देश भर में रंगों के त्योहार होली की धूम मची है. चहुओर लोग रंग, गुलाल लगाकर एक दूसरे को बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देते होली के जश्न में डूबे हैं. देश के किसी कोने में लठमार होली खेली जा रही है तो कहीं कुर्ता फाड़ होली की धूम है. इसी बीच भोज साहू पर्यावरण प्रेमी व उनके छ: वर्षीय पुत्र वृक्षांश डोंगरगांव में अनुविभागीय अधिकारी आफिस के सामने लगे नीम पेड़ों के साथ अनोखी होली हल्दी चंदन कुमकुम व विभिन्न रंगों के फूलों से रंग मिलाकर पेड़ पौधे पर रंग लगाकर मनाई जा रही है. साथ उनके साथी शुभम् गुर्वे, डेमन सिन्हा, दर्शन सहारे,कुलदीप ठाकुर सरपंच लोगों ने पेड़ पौधों के साथ होली मनाई और उनका आभार जताया।पेड़ पौधों के साथ पर्यावरण प्रेमियों ने मनाई होली इस पर पेड़ पौधों के साथ होली मनाकर लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. दरअसल पर्यावरण प्रेमी लगभग डेढ़ दशक से पेड़ पौधों के साथ होली, दीवाली और रक्षा बंधन का त्योहार मनाते आ रहे हैं इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण के लिए अनेकों मुहिम चलाते आ रहे हैं गर्मी के दिनों में पशु पक्षियों के लिए दाना पानी का इंतजाम करते आ रहे हैं । भोज साहू पर्यावरण प्रेमी इस तरह होली खेलने पर बताया कि लोगों को पर्यावरण के प्रति जोड़ने व पर्यावरण के सुरक्षा के लिए हम सभी को आगे आने की आवश्यकता है आज लोग होली के नाम अनेको हरे भरे पेड़ पौधे का काटकर होलिका दहन कर देते हैं पर्यावरण को नुक्सान न पहुंचे इस बात को ध्यान में रखते हुए सुखा लकड़ी कंडा को जलाने व कैमिकल युक्त रंग न खेलकर प्रकृति में खिले पेड़ पौधे के फूलों पलाश गुलाब गेंदा जैसे फूलों से खेलने के लिए अपील किया है कुछ दिन इसी पेड़ों की नाली निर्माण व बिजली तार खिंचने के लिए कटाई होने वाला था जिसे रोकथाम करवाया था इन्हीं पेड़ पर कबाड़ से जुगाड कर रक्षाबंधन के समय बड़ा सा राखी बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश लिखकर लटकाया है जो राहगीरों को अपनी ओर आकर्षित करता है और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है।



# गौमाता को ग्राममाता बनाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित - सरपंच संगीता साहू

**कबीरधाम ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला मुख्यालय से 25 किमी दूर लोहारा ब्लॉक के ग्राम पंचायत टाटीकसा में आज नवनिर्वाचित सरपंच, उपसरपंच और पंचगणों का पंचायत सचिव मेघराज सेन की उपस्थिति में प्रथम सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया, जिसमें गौ माता को ग्राम माता बनाए जाने का समर्थन किया गया। सरपंच संगीता साहू ने सम्मेलन में प्रस्ताव रखा कि गौ माता को ग्राम माता का दर्जा दिया जाए, और यह प्रस्ताव सभी पंचायत सदस्यों द्वारा समर्थन के साथ पारित हुआ। इस अवसर पर सरपंच संगीता साहू ने बताया कि गौ माता को ग्राम माता बनाने का निर्णय इसलिए लिया गया क्योंकि हमारा अस्तित्व गाय से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा, च्गौ माता हमारे लिए सिर्फ एक पशु नहीं, बल्कि हमारे जीवन का अहम हिस्सा हैं। वे हमारे लिए माता समान हैं और उनकी रक्षा व सेवा के लिए यह कदम उठाया जा रहा है।ज्



उन्होंने यह भी बताया कि गायों की सेवा और रक्षा के लिए वर्तमान में स्व सहायता समूह द्वारा गौशाला का संचालन किया जा रहा है, जिसे और बेहतर तरीके से विकसित किया जाएगा। साथ ही, गौवंश के लिए पर्याप्त चारा भंडारण और सुरक्षित निवास की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा, पंचायत द्वारा गौरक्षक समिति का गठन किया जाएगा, ताकि गौ तस्करी पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। इस मौके पर पंचायत सचिव मेघराज सेन, गुमान सिन्हा (रोजगार सहायक), पंच निरा साहू, पंच गोदावरी साहू, पंच रूपा, पंच सावित्री, पंच डेरहा धुर्वे, पंच मोहित रजक, पंच बंशी रजक, और ग्राम कोटवार दशरथ गंधर्व प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर सरपंच संगीता साहू ने ये भी उल्लेख किया कि जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन के तहत गौ माता को राष्ट्रमाता के रूप में समर्थित किया जा रहा है।

## रंगोली एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नारी सशक्तिकरण विषय पर रंगोली एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन तथा समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. ए के मंडावी एवं समाज कार्य विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू के मार्गदर्शन में किया गया। प्राचार्य महोदया ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्त्री समाज का आधार स्तंभ है सृष्टि की सृजनकर्ता है । देश का वर्तमान व भविष्य है। महिलाएं आज हर क्षेत्र में अग्रणी है समाज , राजनीति, विज्ञान ,अनुसंधान तकनीक , प्रौद्योगिकी हर क्षेत्र में महिलाएं अपना वर्चस्व स्थापित कर रही है। समाजकार्य विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू ने अपने संबोधन में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का उद्देश्य है समाज में लिंग आधारित भेदभाव को मिटाना एवं महिलाओं को पुरुषों के समकक्ष स्थापित करना है ।उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने रंगोली एवं भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया । विजित प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ ए के मंडावी, समाजकार्य विभागाध्यक्ष ललिता साहू एवं अन्य प्राध्यापक गण डॉ प्रियंका लोहिया, सुश्री तारिणी साहू, श्रीमती चित्रांशा राठौर ,श्रीमती शालिनी सोनी ,डॉ अंजली मोहन कोडोपी,डॉ श्रद्धा साहू ,डॉ अनीता साहा, मंजरी सिंह एवं महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक गण उपस्थित रहे।

# औद्योगिक पेंशन पॉच हजार रुपये करने की मांग को लेकर, भामसं करेगा प्रदर्शन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय मजदूर संघ की जिला इकाई अपने राष्ट्रव्यापी आव्हान के तहत आगामी 18 मार्च को औद्योगिक पेंशन 95 की राशि 5 हजार रूपये मासिक बढ़ाने व अन्य मांगो को लेकर जिलाधीश कार्यालय में प्रदर्शन करेंगी तथा भारत सरकार के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन भेजेगी।भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख योगेशदत्त मिश्रा व संघ के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू ने एक प्रेस बयान में बताया कि 1 फरवरी 2025 को भारत सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में जहॉ आयकर सीमा बढ़ाकर कर्मचारी जगत को राहत दी गई, वही डेयरी उद्योग, मतस्य उद्योग, गिग वकर्स एवं लघु उद्योगों को भी राहत प्रदान की गई, इसी प्रकार वरिष्ठ नागरिकों को भी टीडीएस द्वारा राहत देकर उनका सम्मान किया गया। इतना ही नहीं बल्कि कैंसर जैसी बीमारी की दवा को सस्ती कर महत्वपूर्ण कदम उठाया गया, किन्तु प्रस्तुत बजट में औद्योगिक पेंशन 95 के 75 लाख से अधिक पेंशनरों को कोई राहत नहीं दी गई जिससे उनमें घोर निराशा व्याप्त है। महंगाई के युग में एक हजार रूपये मासिक पेंशन में जीवन निर्वाह करना असंभव है, इसी तरह स्कीम वर्कर जैसे आंगनबाड़ी, मितानिन, मध्यान्ह भोजन रसोईयों के साथ-साथ असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की भी उपेक्षा की गई। इसलिए भारतीय मजदूर संघ सरकार से यह मांग करता है कि औद्योगिक पेंशन की राशि 1000 रूपये से बढ़ाकर 5000 रूपये की जाये, इसी प्रकार ईपीएफकी वेतनसीमा 15 हजार से बढ़ाकर 30 हजार रूपये और इएसआईसी की वेतन सीमा 21 हजार रूपये से बढ़ाकर 42 हजार रूपये की जाये। विज्ञप्ति में मजदूर नेता योगेशदत्त मिश्रा व नरेश कुमार साहू ने आगे कहा कि सरकार सार्वजनिक संपत्ति की बिक्री पर तत्काल रोक लगाये, स्कीम वर्कर्स आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका, मितानिन तथा मध्यान्ह भोजन कर्मचारियों को सरकारी कर्मचारी के समान वेतन एवं सामाजिक सुरक्षा दी जाये। इसी प्रकार असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के सामाजिक विकास के लिये पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करायी जाये, इन्ही सब मांगो को लेकर मजदूरों का प्रदर्शन स्थानीय जिला कार्यालय में 18 मार्च को किया जायेगा तथा जिलाधीश के माध्यम से देश के वित्त मंत्री को ज्ञापन भी दिया जायेगा।

## ज्ञान मंथन

*1) हाल ही में खबरों में रही ओरंगुटान कूटनीति किस देश से संबंधित है?*

*2) गोल किस महान खिलाड़ी का आत्मकथा है?*

*3) पहली महिला ने दुनिया की सैर की-*

*4) पिंक नदी किस देश में स्थित है?*

*5) हाल ही में एम. मोहन का निधन हुआ है, वे कौन थे?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) मलेशिया (2) मेजर ध्यानचंद (3) जैनी बेरोट (4) कनाडा (5) फिल्म निर्देशक

### महिला प्राध्यापकों एवं स्टाफहेतु वितीय जागरूकता एवं बैंक में बचत योजना विषय पर व्याख्यान



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में महिला प्राध्यापकों एवं स्टाफ हेतु वित्तीय जागरूकता एवं बैंक में बचत योजना विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम प्राचार्य डॉ .सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन में तथा समाज कार्य विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू के मार्गदर्शन में किया गया ।उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत जेना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड राजनांदगांव द्वारा बैंक में बचत एवं वित्तीय साक्षरता पर व्याख्यान दिया गया। उक्त कार्यक्रम में संस्था से आए बैंक मैनेजर धनंजय सिंह द्वारा बैंक में बचत, ऋण व्यवस्था तथा ब्याज दर, पॉलिसी के संबंध में विस्तार से बताया गया ।

## (लघु कथा)

**चैन की नींद..**

मैं आपसे एक भी रूपए नही ले सकता । मुझको बार-बार व्यर्थ जिद मत कीजिये न साहब ! मेरी सारी कोशिशों के बाद भी आपकी मोटर सायकिल चार कदम चलना तो दूर स्टार्ट भी नही हुई है तो मैं भला आपसे कैसे और किस बात का मेहनताना लूँ?

अरे भाई! मैं तुम्हे मुफ्त में तो नही दे रहा।पिछले दो घण्टे से देख रहा हूँ कि तुम एक्सीलेटर वायर, कार्बोरेटर ,एयरफिल्टर,चोक,इंजिन पॉइन्ट,इंजिन स्टार्टर कनेक्शन आदि देख-देख सेट कर अपना प्रयास तो कर रहे हो न ? मैंने यह भी देखा है कि भरी दोपहरी में मेरे कारण अपना टिफिन खाना छोड़ कर गाड़ी की रिपेयरिंग में जुटे हुए हो? आपका पसीना व्यर्थ जाए, मुझे गंवारा नही। प्लीज मना मत करना भाई । तुम्हे तो अपना मेहनताना लेना ही पड़ेगा वरना मुझे रात में सकून की नींद नही आयेगी। मुझे पता है करवटों में सारी रात बीत जाएगी ।

तो क्या ? आपका सकून और चैन की नींद के लिए मैं अपना नींद और चैन क्यों खराब करूँ साहब जी? आपको अपना सकून, चैन और नींद की पड़ी है।और क्या गाड़ी को बिना सुधारे ही मैं आपसे रुपये ले लूँ? क्या हम जैसों की नींद की कोई कीमत नही?

अब उसके वाणी मुझे थोड़ी कठोरता मालूम जान पड़ी। वह एक ही सांस में आगे कहने लगा - ऋमेरा बेटा शहर के बहुत बड़े ऑटो शो रूम में मैकेनिकल इंजीनियर है। वह रात दस बजे तक ही काम से वापस लौट पाता है। उससे आपकी मोटर साइकिल रिपेयर करवा दूंगा। आप किसी भलेमानुष से लिफ्ट लेकर अपने घर चले जाइये। मेरा वादा है कि कल सुबह आपको अपनी गाड़ी चालू हालत में मिलेगी। मुझ पर इतना भरोसा कीजिएगा साहब जी। उसके भरोसे की बात सुन लिफ्ट लेकर घर वापस आ गया पर सचमुच उस रात मुझे नींद नही आई। करवटों में रात बीती।



**रोशन साहू**

**'मोखला'( राजनादगांव )**

# रंगों से संबंधों को संवारता रंगोत्सव

रंग पर्व होली फागुन माह का सिरमौर पर्व है। फागुन माह में हर ओर हलचल मचाती होली सुख-दुख, छोटे बड़े ,जात-पांत,को भूला कर एक हो जाने का पर्व है।वर्ष के पूरे ग्यारह माह की दौड़-धूप भरी जिंदगी के बाद माह फागुन का पर्व आनंद सागर में हिलोरे लेने का सुख देता है।

सरसो,धनिया,अलसी, सेंभर,पलास के रंग-बिरंगे महकते फूल,आम के बौर और कोयल की कुहु कुहु इस पर्व के आनंद को द्विगुणित कर देते हैं। पहले गॉव शहर में बसंत पंचमी के दिन अंडा पेड़ की डंगाल को किसी सुरक्षित सार्वजनिक स्थल पर गाड़ दिया जाता था।उसी के चारों ओर बटोरी हुई सूखी लकड़ियां तथा कण्डों से होली सजाई जाती थी। पूर्णिमा की रात्रि को होलिका दहन के साथ ही नंगाड़ा बजाते फाग गाने की परम्परा थी। सच्चे अर्थों में देखा जाये तो यह कम खर्चों में ज्यादा सुख देने वाला महापर्व है। इस दिन गुलाल का एक छोटा सा टीका हर भेदभाव को भूला देने की ताकत से लबरेज होता है। मन की गांठे खोलकर आपसी मनमुटाव को भूला देता है। होली की ऐसी सुंदर परम्परा को बनाकर रखना चाहिये। इस पर्व पर हरे पेड़-पौधों को काटने के बजाय इनकी सुरक्षा होनी चाहिये। किन्तु बदलते दौर में होली अब रंग के बजाय हुडदंग का पर्व बनते जा रहा है। बुरा न मानो होली है कहत हुए लोग अश्लील, फूहड़ प्रदर्शन करते नज़र आते है।होली त्यौहार की आड़ में जो सामाजिक एवं पर्यावरण प्रदूषण का खेल चल रहा है वह इस सुंदर त्यौहार को कलंकित कर रहा है।होली पर रंग गुलाल के बजाय लोग डामर, कीचड़,वार्निश आदि को एक-दूसरे के ऊपर पोतते-उछालते दिखाई देते है। गांजा-भांग, शराब का नशा होली की पहचान बनती जा रही है। यही वजह है होली के दिन पुलिस की टुकड़ी डंडे राइफल और अश्रु गोलें से लैस गश्त करती हुई दिखाई देती है।



होली पर्व में नशापान करके मार-धाड़ करने वालों की आंखें खोलने हेतु सक्ती राज के राजपुरोहित शिवकुमार चौबे एक पौराणिक कथा बताते हुए कहते हैं - हिरण्यकश्यप एक बलसाली असुर राजा था जो कि स्वयं को देवताओं से बड़ा मानता था। इसके विपरीत हिरण्यकश्यप का बेटा प्रहलाद हमेशा प्रभु स्मरण में लीन रहता था। अपने बेटे की भगवान भक्ति को देख-देख कर हिरण्यकश्यप उसकी भक्ति को खत्म करने के प्रयास में जुटा रहता था। एक दिन उसने अपनी बहिन होलिका की गोद में प्रहलाद को बैठा कर लकड़ियों से घेरकर आग लगाने का आदेश दिया। दरअसल होलिका को आग में नहीं जलने का वरदान प्राप्त था। इसीलिए हिरण्यकश्यप के मन में विचार आया कि प्रहलाद जल के खाक हो जायेगा। इस घटना को प्रत्यक्ष देखने बड़े-बड़े राक्षसों के साथ ही बड़ी संख्या में आम प्रजाजन की भीड़ वहां जुट गई। इन सबके सामने लकड़ियों में आग लगा दी गई। धू-धू करती लकड़ियों के संग होलिका भी जल कर राख हो गई पर प्रहलाद प्रभुलीला में लीन भजन गाते, हंसते-मुसकराते जीवित मिला । इसे देख कर क्रोधित हिरण्यकश्यप सहित राक्षसों ने नशापान किया और प्रजाजन को मारने-पीटने लगे।जबकि प्रजाजन भक्त प्रहलाद के बचने की खुशी मनाते रंग-गुलाल में लीन प्रभु भजन करते नाचने, गाने में मस्त थे। इस पौराणिक कथा से यह बात स्पष्ट उजागर हो जाती है कि होली के दिन हुड़दंग करने वाले लोग राक्षस कुल तथा नशापान से दूर फाग गाते आपस में गले मिलते लोग भगवान कुल के होते हैं।होली के दिन राक्षसों की तरह आचार-विचार रखने, भाईचारा को भूलाकर दंगा फ़साद करने, रंग पर्व को कलंकित करने वालों को ललकारते हुए कवि अशोक साहिल लिखते हैं च्होली पर रंगों की कसम देता हूं तुम्हें, मुझे मजहब के तराजू में न तौला जाये, इंसान रहने की कसम खाई हैं मैने,मुझे हिन्दू या मुसलमान न समझा जायेच।



**विजय मिश्रा 'अमित'**
**वरिष्ठ लोक हिंदी रंगकर्मी**
**अग्रोहा सोसायटी, पोआ-सुंदरनगर रायपुर**
**( छग )492013**
**मोबा. 98931 23310**

## दिग्विजय महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में महिला मड़ई का आयोजन





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉक्टर सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन में महिला प्रकोष्ठ समाजशास्त्र एवं समाज कार्य के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला मड़ई का आयोजन किया गया । प्राचार्य डॉ सुचित्रा गुप्ता ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने हेतु मड़ई में छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए व्यंजनो तथा क्राफ्ट की खरीदारी की और उनका उत्साह वर्धन किया । प्राचार्य ने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्राओं में आत्मविश्वास एवं कौशल का विकास होता है साथ ही साथ उनके स्वयं के रोजगार के मार्ग भी प्रशस्त होते हैं और महिला स्वालंबन को बढ़ावा मिलता है। इस महिला मड़ई में छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न व्यंजनों तथा क्राफ्ट से संबंधित कुल 19 स्टॉल लगाए गए । विद्यार्थियों के द्वारा गुपचुप, सैंडविच, मुँगौड़ी, शरबत, बर्फ गोला, इत्यादि के स्टाल लगाए गए । इस अवसर पर छात्र-छात्राओं में बहुत उत्साह देखा गया । समाजशास्त्र विभाग से श्रीमती ललिता साहू, महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ मीना प्रसाद एवं महिला सदस्य डॉ आराधना गोस्वामी, डॉ प्रियंका सिंह, डॉ स्वयं सिद्ध झा, डॉ किरण जैन, श्रीमती रोहिणी समरित तथा अन्य प्राध्यापक भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे । इस मड़ई में 22480/- रुपए का लाभ विद्यार्थियों ने प्राप्त किया । महिला मडई में विद्यार्थियों के मध्य प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया । क्राफ्ट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनन्या स्वर्णकार , द्वितीय स्थान रागिनी देवांगन तथा तृतीय स्थान तृप्ति बार्ले के द्वारा प्राप्त किया गया । व्यंजन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लोकेश सोनकर समूह, द्वितीय स्थान प्रतिभा तथा समूह एवं तृतीय स्थान गीतांजलि समूह तथा खिलेंद्र साहू समूह द्वारा प्राप्त किया गया ।

## मोहड़ की कु. उमा साहू समाज सेवक संघ की डोंगरगांव तहसील की अध्यक्ष बनीं





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** समाज सेवी एवं समाज सेवक संघ के संयोजक श्री संजीव सिंघल ने ग्राम मोहड़ की जुझारू नेत्री सुश्री उमा साहू को समाज सेवक संघ का डोंगरगांव तहसील का अध्यक्ष नियुक्त किया है। सहज सरल कु. उमा वार्ड नं. 07 मोहड़ ग्राम की पंच है। वे तीन विषयों राजनीति शास्त्र, हिन्दी साहित्य, अर्थशास्त्र में एम.ए. एवं बी.एड. है। उन्होंनें फैशन डिजायनिंग में डिप्लोमा भी प्राप्त किया है।वे लक्ष्मी बूटीक नाम से कपड़ो की दुकान भी चलातीं हैं। इसी प्रकार श्री सिंघल ने ग्राम- बगदई में श्री कमलेश पटेल को संघ का ग्राम अध्यक्ष बनाया है। इन दोनों की नियुक्तियों पर श्री प्रियांशु सिंघल, जेवरतला से इंजी. कु. स्वाति देवांगन, अंजोरा से श्रीमती नेमिन देशमुख, खैरागढ़ से सावन सोनी, अर्जुनी से श्रीमती प्रमिला साहू, चवेली से श्रीमती यमला साहू, गठुला से हर्ष साहू, भीमा साहू, बोरी से चंद्रहास देवांगन, तिलई से भूषणलाल देवांगन, पसौद से कु. हिमलेश्वरी साहू, सुरसुली से कु. भूमिका साहू, नाहंदा से वंदना सिन्हा, मुसरा से भुवाल प्रसाद लिल्हारे, राजनांदगांव से तारिक ललानी, रेवाडीह से कु. निशि ध्रुव, राजनांदगांव से कु. मधु फाफा, कु. पूर्वी साहू, कु. प्राची शर्मा, मुंदगांव से श्रीमती सरस्वती वर्मा, नवागांव (मुढ़ीपार स्टेशन) से अर्पित पटेल, सुरगी से तामेश्वर साहू, मुढ़ीपार से अश्विनी पटेल, कोटरासरार से ममता मैथिल, अम्लीडीह से गिरीश साहू, ईंदामरा से कु. रूपा कंवर, सिंघोला से कु. पायल यादव, ककरेल से महेन्द्र बघेल, रीवागहन से मोतीलाल रावटे, घोरदा से मनोज भट्टाचार्य, तुमड़ीलेवा से कु. बबीता लहरे, फरहद (सोमनी) से विजय निषाद, पार्रीकला से आकाश यादव, भाठागांव से दिनेश पटेल, टेडेसरा से दौलतराम साहू, अम्बागढ़ चौकी से हेमंत ठाकुर, खैरागढ़ से लोकेन्द्र वर्मा, राजनांदगांव से राजकुमार नायक, पदुमतरा से कु. चंचल साहू, तिलई से भूषणलाल देवांगन, खैरागए से खुलेन्द्र साहू, मोहड़ (राजनांदगांव) से कु. रेवती साहू, वीरू यादव, गोकुल लहरे, खैरागढ़ से अंकित गर्ग, सिंगारपुर-गोपालपुर-फत्तेपुर गांव से प्रकाश यादव, परसाडीह (सुरेगांव) से अजय श्रीवास, डोंगरगांव से ओमकार कंवर, जेवरतला से हेमलता ठाकुर, खपरीखुर्द से शिवानंद महोबिया, सहसपुर दल्ली से देवदास साहू, खेरथाबाजार से कपिल सोनकर, सिंघोला से द्रौपदी साहू, टीना साहू, लखनऊ (उ.प्र.) से वीरेन्द्र यादव, बढ़ईटोला से फिनेश्वर वर्मा एवं अर्जुनी से कु. संजू देवांगन च्संजनाज्, खेरथाबाजार से संगीता रावटे ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने कानून व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों की ली बैठक

### जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश



**मोहला ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति एवं पुलिस अधीक्षक श्री यशपाल सिंह ने गत दिवस मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान अधिकारियों ने जिले में कानून व्यवस्था के संबंध में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में किये जा रहे कार्यों, प्रयासों और आवश्यक पहल की समीक्षा की। बैठक में जिले में अवैध नशीले दवाइयां के विक्रय पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाने के संबंध में जिले में संचालित सभी मेडिकल स्टोर्स की सघन जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी तरह से मानपुर-मोहला-अंबागढ़ चौकी जिले से लगे महाराष्ट्र सीमावर्ती जिला से आने वाले मादक एवं नशीले पदार्थों के परिवहन पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी तरह से बाल विवाह एवं नशा मुक्ति के संबंध में आगामी ग्राम सभा में एजेंडा सम्मिलित करते हुए स्थानीय स्तर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिए गए हैं। जिले को नशा मुक्त करने के संबंध में नशा मुक्ति दल वाहिनी के माध्यम से प्रत्येक घरों का सर्वे कर शराब आदि से ग्रसित लोगों की पहचान कर नशा मुक्ति केंद्र भेज कर उनकी काउंसलिंग और नशा मुक्त करने के संबंध में आवश्यक पहल करने के निर्देश दिए गए हैं। स्कूली बच्चों को नशीले दवाइयां के विक्रय पर संबंधित दवाई दुकानों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। जी ए डी कॉलोनी के पीछे, आत्मानंद स्कूल के पास, स्टेडियम, छुरिया मंदिर, प्रमुख चौक चौराहे के क्षेत्र में शाम के समय असामाजिक तत्वों के लोगों के द्वारा नशा शराब आदि के सेवन पर प्रतिबंध लगाने के लिए सघन अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। अवैध शराब की बिक्री, महाराष्ट्र से आयातित शराब एवं उन्हें बेचने वाले कोचियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। गांजा एवं अन्य नशीली सामग्रियों के बेचने खरीदने वाले व्यक्तियों पर संयुक्त रूप से पुलिस एवं समाज कल्याण विभाग, आबकारी विभाग प्रशासन को कार्रवाई करने कहा गया है। जिले में हो रही दुर्घटना को रोकने के लिए पालतू एवं आवारा पशुओं को मुख्य मार्ग एवं अन्य आवागमन क्षेत्र से हटाने के निर्देश दिए गए हैं। झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध नियमित रूप से अभियान चलाने कहा गया है। बैठक में स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने पैनी नजर रखा जाये। राजस्व, पुलिस विभाग को सतत रूप से संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और जिले के गरिमा के अनुकूल वातावरण निर्मित करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में अपर कलेक्टर श्री विजेन्द्र सिंह पाटले, एसडीएम मोहला श्री हेमेन्द्र भुआर्य, एसडीएम मानपुर श्री अमित नाथ योगी सहित पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## धर्म समाचार....

# 14 मार्च को होली, चंद्र ग्रहण और सूर्य बदलेगा राशि

धर्म, ज्योतिष और खगोल विज्ञान के नजरिए से 14 मार्च का दिन बहुत खास है, क्योंकि इस दिन होली खेली जाएगी, चंद्र ग्रहण और सूर्य का राशि परिवर्तन भी होगा। 2025 का ये पहला चंद्र ग्रहण है, हालांकि ये ग्रहण भारत में नहीं दिखेगा। इस कारण देश में ग्रहण का सूतक भी नहीं रहेगा। जिन जगहों पर ग्रहण दिखेगा, सिर्फ उन्हीं जगहों पर 9 घंटे पहले से ग्रहण का सूतक शुरू हो जाएगा। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के मुताबिक, 14 मार्च को सूर्य मीन राशि में प्रवेश करेगा, इसके साथ ही खरमास शुरू हो जाएगा। खरमास में विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, जनेऊ संस्कार जैसे मांगलिक कार्यों के लिए शुभ मुहूर्त नहीं रहते हैं। खरमास में पूजा-पाठ के साथ ही दान-पुण्य करने की परंपरा है। खरमास 13 अप्रैल तक रहेगा, इस दिन सूर्य मीन से मेष राशि में प्रवेश करेगा। 14 मार्च को चंद्र ग्रहण के समय चंद्र कन्या राशि और उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र में रहेगा। कन्या राशि में पहले से ही केतु भी है। ऐसे में चंद्र-केतु की युति होगी, इसी वजह से ग्रहण योग बन रहा है। ज्योतिष के मुताबिक समय-समय पर ग्रह राशि बदलते हैं, इस कारण राशियों में कई बार एक से अधिक ग्रहों की युति बन जाती है। सूर्य गुरु के स्वामित्व वाली राशि मीन में एक महीने रहेगा। ऐसी मान्यता है कि मीन राशि गुरु ग्रह का घर है। देवगुरु बृहस्पति सूर्य देव के गुरु हैं और एक माह तक वे अपने गुरु की सेवा करेंगे। एक साल में दो बार खरमास आता है। एक खरमास तब आता है, जब सूर्य धनु राशि में रहता है और दूसरा तब आता है जब सूर्य मीन राशि में रहता है।



**होली पर कर सकते हैं शुभ काम**

14 मार्च का चंद्र ग्रहण भारत में नहीं दिखने से यहां सूतक नहीं रहेगा, इस वजह से पूरे दिन धर्म-कर्म और पूजा-पाठ आदि शुभ काम किए जा सकेंगे। होली पर अपने इष्टदेव को फूल और फूलों से बने रंग, गुलाल, अबीर, चंदन चढ़ाएं और उनके मंत्रों का जप करें। मंत्र जप 108 बार करें। भगवान गणेश को दूर्वा, मोदक चढ़ाएं। धूप-दीप जलाकर आरती करें। शिवलिंग पर केसर मिश्रित जल चढ़ाएं। अलग-अलग फूलों से शिवलिंग का श्रृंगार करें। बिल्व पत्र, धतूरा, भांग, आंकड़े के फूल चढ़ाएं। चंदन का लेप करें। धूप-दीप जलाकर आरती करें। ऊँ नम: शिवाय मंत्र का जप करें। हनुमान जी को सिंदूर और चमेली का तेल चढ़ाएं। धूप-दीप जलाकर हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ करें। ऊँ श्रीराम दूताय नम: मंत्र का जप करें। पूर्णिमा पर हनुमान जी का चोला भी चढ़वा सकते हैं। फाल्गुन पूर्णिमा पर जरूरतमंद लोगों को भोजन, वस्त्र, जूते-चप्पल, धन का दान करें। छोटे बच्चों को गुलाल, पिचकारी और होली खेलने के लिए धन का दान करें। इस पूर्णिमा पर बाल गोपाल का विशेष श्रृंगार करें। केसर मिश्रित दूध से अभिषेक करें। माखन-मिश्री का भोग तुलसी के साथ लगाएं। बाल गोपाल के साथ ही विष्णु-महालक्ष्मी का भी विशेष अभिषेक करना चाहिए।

### इस दिन से मकर राशि वालों के शुरू होंगे अच्छे दिन, सोने की तरह चमकेगी किस्मत

नातन धर्म में शनिदेव को मोक्ष प्रदाता कहा जाता है। मकर और कुंभ राशि के जातकों पर शनिदेव की विशेष कृपा रहती है। शनिदेव अच्छे कर्म करने वाले को शुभ फल देते हैं। वहीं बुरे कर्म करने वाले को दंड देते हैं। शनिदेव की कृपा बरसने से जातक कम समय में सफल हो जाता है। साथ ही जातक के जीवन में सुखों का आगमन होता है। ज्योतिष शास्त्र में शनिदेव को न्याय का देवता कहा जाता है। शनिदेव कुंभ और मकर राशि के स्वामी हैं। इन दोनों राशि के जातकों पर साढ़ेसाती चल रही है। इसके साथ ही मीन राशि के जातक भी साढ़ेसाती से पीड़ित है। वहीं, कर्क और वृश्चिक राशि के जातकों पर शनि की ढैय्या चल रही है। ज्योतिषियों की मानें तो न्याय के देवता शनिदेव जल्द ही राशि परिवर्तन करने वाले हैं। शनिदेव के राशि परिवर्तन करने से कई राशि के जातकों को लाभ मिलेगा। इनमें मकर राशि के जातकों को सबसे अधिक लाभ होगा। इस राशि के जातकों को साढ़ेसाती से मुक्ति मिलेगी। आइए, इसके बारे में विस्तार से जानते हैं- वर्तमान समय में शनिदेव कुंभ राशि में विराजमान हैं। इस राशि में शनिदेव 28 मार्च तक रहेंगे। इसके अगले दिन शनिदेव राशि परिवर्तन करेंगे। शनिदेव 29 मार्च को कुंभ राशि से निकलकर मीन राशि में गोचर करेंगे। मीन राशि में शनिदेव के गोचर करने से मकर राशि के जातकों को साढ़ेसाती से मुक्ति मिल जाएगी। वहीं, कर्क और वृश्चिक राशि के जातकों को शनि की ढैय्या से मुक्ति मिलेगी।



nandgaon times   march-14-1.qxd   3/13/2025   8:25 PM   Page 4




- क्रिकेट किट
- फुटबाॅल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी-टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971


# कलेक्टर ने शाला प्रवेश के पहले सभी स्कूलों में आवश्यक मरम्मत के कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

## पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी बच्चों के लिए समर कैम्प आयोजित करने कहा, स्कूलों को चिन्हांकित कर खेल गतिविधि शुरू करने के दिए निर्देश

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की बैठक ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने 16 जून शाला प्रवेश के पहले सभी स्कूलों में आवश्यक मरम्मत के कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के सभी स्कूलों में आवश्यकतानुसार रंगरोगन, शौचालय, पेयजल, अतिरिक्त कक्ष जैसे कार्यों को निर्धारित समयावधि के पहले कार्य पूरा करने कहा। उन्होंने सभी बच्चों का जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र शाला प्रवेश के पहले बनाने के निर्देश दिए। जिससे बच्चों को स्कूल में दाखिला के समय किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने स्कूलों को चिन्हांकित कर खेल गतिविधि शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों की जिस खेल में रूचि है उसी खेल में बच्चों को आगे बढ़ाए, जिससे उनका भविष्य में उस खेल से कैरियर भी तैयार हो सके। स्कूलों में शारीरिक गतिविधि होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों में बच्चों के स्वास्थ्य के संबंध में समय-समय में जानकारी लेते रहे।



कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी बच्चों के लिए समर कैम्प आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष बहुत अच्छा समर कैम्प आयोजित किया गया था, इस वर्ष भी बहुत अच्छा समर कैम्प आयोजित होना चाहिए। समर कैम्प के माध्यम से बच्चों की विभिन्न गतिविधियां एवं प्रतिभाएं सामने आती है। समर कैम्प के माध्यम से बच्चों में निहित प्रतिभाओं को तराशने का कार्य किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों में कुछ न कुछ प्रतिभा होती है। ऐसे बच्चों को विशेष रूप से ध्यान देते हुए उनकी गतिविधियों को और अच्छा करने के लिए प्रोत्साहित करने कहा। बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने से उनका परिणाम बहुत अच्छा आएगा। समर कैम्प में विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों जैसे दुर्घटनाओं को रोकने, साइबर फ्रॉड रोकने, गांव को सुन्दर बनाने की दिशा में, पानी की कमी एवं जल सरंक्षण में प्रोजेक्ट बनाने के लिए दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों में शारीरिक गतिविधि, संस्कृति व सोशल गतिविधि होनी चाहिए जिससे व्यक्तित्व विकास होता है। बच्चों को पानी की कमी की समस्या व जल संरक्षण और वृक्षारोपण के महत्व से अवगत कराएं। बच्चों को सामुदायिक गतिविधियों से भी जोडऩे कहा। जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास बघेल ने कहा कि चिन्हांकित स्कूलों में खेल के संबंध में जानकारी, ट्रेनिंग एवं शारीरिक गतिविधि कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे खेल जिससे बच्चों का भविष्य में कैरियर बने ऐसे खेलों का चयन कर बच्चों को सिखाएं। उन्होंने बताया कि कुश्ती, व्हालीबॉल, बॉक्सिंग, जूडो, टेबल-टेनिस, हैण्डबॉल, फुटबॉल, एथलेटिक्स, तीरंदाजी, कबड्डी जैसे खेलों को स्कूली बच्चों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जो उनके कैरियर बनाने में मददगार होगी।

# विकास और प्रगति में विश्वास रख मुझे अपना आशीर्वाद देने के लिए आभार : किरण रविन्द्र वैष्णव



**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला पंचायत अध्यक्ष निर्वाचित होने के पश्चात अपने जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 अंतर्गत ग्राम भोलापुर व झालाटोला में किरण रविन्द्र वैष्णव आभार कार्यक्रम में शामिल हुई। श्रीमती वैष्णव का ग्राम वासियों ने फूल माला गाजे बाजे के साथ जोरदार स्वागत किया। किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष

बनने का यह गौरवपूर्ण अवसर आप सभी के अपार स्नेह, विश्वास और समर्थन के कारण प्राप्त कर पाई हूँ। यह जीत केवल मेरी नहीं, बल्कि हर उस व्यक्ति की है, जिसने विकास और प्रगति में विश्वास रखा और मुझे अपना आशीर्वाद दिया। मैं आप सभी के सहयोग और आशीर्वाद से मैं क्षेत्र की सेवा के लिए पूर्ण निष्ठा और समर्पण से कार्य करूंगी। आप सभी के साथ मिलकर अपने क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाएंगे। भोलापुर व झालाटोला से मुझे आपका आपार जनसमर्थन व आशीर्वाद मिला है। आप सभी ने मेरा समर्थन किया,अपना किमती समय दिया, मुझे आशीर्वाद दिया व दिन-रात मुझसे भी ज़्यादा मेरे लिए मेहनत कर मुझे विजयी बनाया ।आपका आशीर्वाद और स्नेह सदैव ऐसे ही बना रहे मैं आप सभी का सहृदय आभार धन्यवाद ज्ञापित करती हूं। इस अवसर पर जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष संजय सिन्हा, प्रकाश मोटघरे जनपद सदस्य, नैन सिंह पटेल,रूखम पांडेय, शिशुपाल साहु,भुखन धनकर समेत ग्राम वासिय उपस्थित थे।

# त्यौहारी सीजन में मिलावट रोकने खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम खाद्य प्रतिष्ठानों में दे रही दबिश

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जिले के अधिकारियों को त्यौहारी सीजन को देखते हुए नागरिकों के स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु खाद्य प्रतिष्ठानों की गहन जांच करने के निर्देश दिए गए है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं एसडीएम राजनांदगांव श्री खेमलाल वर्मा के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा जिले में निर्मित व आयातित खाद्य सामग्री विशेषकर दूध, पनीर, मिठाई की विशेष निगरानी एवं गुणवत्ता जांच की जा रही है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा राजनांदगांव के अन्नपूर्णा डेयरी से पनीर, दूध, दुग्ध संकलन केन्द्र से दूध, डोंगरगांव के धरम किराना से सूजी, महेश्वरी ट्रेडर्स से गुड़, हरिचना से इलायची दाना, शेखर जैन डेयरी से पनीर व खोआ, सांई डेयरी से कढ़ी दही, महालक्ष्मी स्वीट्स से बुंदी लड्डू गुणवत्ता



जांच हेतु भेजा गया है। साथ ही अन्नपूर्णा डेयरी से 45 किलोग्राम खुला पनीर संचालक की अभिरक्षा में रखा गया है। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री डोमेन्द्र ध्रुव ने बताया कि पूर्व में जलाराम व स्वागतम् होटल से अवमानक पाये गए पनीर वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है। साथ ही चलित प्रयोगशाला से खाद्य सामग्री मौके पर जांच किए जायेंगे। उन्होंने बताया कि बिना अनुज्ञप्ति व पंजीयन के कारोबार करने वाले 10 लोगों पर प्रकरण दर्ज किए गए थे। जिसमें 7 प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है तथा 7 प्रकरण आगामी न्यायालयीन प्रक्रिया हेतु विवेचनाधीन है, जिसे जल्द ही सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। जांच के दौरान शहरी क्षेत्रों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों पर नजर रखी जा रही है। खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# जिला पंचायत सदस्य बिरम मंडावी का ग्रामीणों ने किया फूल मालाओ से भव्य स्वागत



**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 11 बम्हनी चारभाठा से नवनिर्वाचित होकर श्रीमती बिरम रामकुमार मंडावी ने अपने क्षेत्र के विभिन्न गांव में पहुंचे. गांव पहुंचते ही जिला पंचायत सदस्य श्रीमती बिरम मंडावी का फूलमाला पहनाकर और गुलाल लगाकर भव्य स्वागत सम्मान किया। श्रीमती मंडावी ने मतदाताओं का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया और ग्रामीणों के समस्याओं से अवगत हुए और श्रीमती बिरम मंडावी ने क्षेत्र के मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए बहुत-बहुत धन्यवाद व्यापित किया और होली पर्व की उन्होंने क्षेत्र के लोगों को होली पर्व की बधाई देते हुए कहा की आपके जीवन में सुख समृद्धि और खुशहाली लेकर आए यही कामना करती हूं। श्रीमती बिरम मंडावी ने कहा कि होली का त्योहार सदियों से भारतीय संस्कृति का एक अभिन्न अंग रहा है जहा भेदभाव मिट जाते हैं। और लोग आपसी स्नेह उल्लास और उमंग के रंगों में घुल मिल जाते हैं यह पर्व हमें बुराई पर अच्छाई की विजय, प्रेम की जीत और समाज में सोहार्द्र को और मजबूत करने का संदेश देता है।

# पढ़िये उन्हे जिनका लिखा आप रोज पढते है अखबार में - - -

बुरा ना मानो होली है!

होलाहल के तार पत्रकारों से भी जुड़े...
देखिए उन्होंने किसके बारे में क्या बताया...

- अशोक पांडे... ये डीजे को फिर कौन परमिशन दे दिया।
- शशांक तिवारी... नगरवासी चक्कर ही लगा रहा है।
- जितेंद्र मिश्रा... मेरी कविताएं सुनी हैं।
- सचिन अग्रहरि... सड़क-बाउंड्री बनवा दिया हूं..।
- सूरज बुद्धदेव... कोई होगा तो बताना।
- अनुपम ठाकुर... प्रेस क्लब से सहयोग नहीं मिलता।
- जयदीप शर्मा... मेरा रायपुर से भी आता है।
- मिथलेश देवांगन... अपन सब काम चुपचाप निपटाते हैं।
- गौतम शर्मा... अभी फिटनेस पर ध्यान दे रहा हूं।
- रवि मुदिराज... सबसे सीनियर हूं, नए लड़के समझते नहीं।
- कमलेश स्वर्णकार... चुनाव लड़ना तो नहीं था... लेकिन..।
- आशीष शर्मा... धमाका जल्द होगा।
- संदीप साहू... काम और क्रिकेट ही ठीक है, लफड़े में नहीं पड़ना।
- जग्गा मिश्रा... सबकुछ करके छोड़ दिया हूं।
- योगेश शर्मा... अपना कम वाला काम ही नहीं है।
- संतोष दुबे गुरु... अब पहले जैसे नहीं रह गया गुरु।
- प्रदीप मेश्राम... पता नहीं नक्सल मूवमेंट किधर हैं।
- मोहन कुलदीप... अब मकान बनाना है, पहले लोन का जुगाड़ हो।
- दीपांकर खोब्रागढ़े... अंग्रेजी बोलकर डरा देता हूं।
- रुपेश गुप्ता... आ गया तो ठीक, जाता नहीं हूं।
- मनोज चंदेल... मेरा सब जगह फिक्स है।
- अजय सोनी... बैठ के बात करा देता हूं, छापना मत।
- आलोक प्रमोद शर्मा... इंटरव्यू ही ठीक काम है।
- रघु शर्मा... अब भजन गाने लगा हूं।
- सन्नी वर्मा... उधार चाहिए तो जमीन का कागज ला।
- देवाशीष झा... ज्योतिष के हिसाब से अभी समय ठीक नहीं है।

- ललित ठाकुर... पुलिस वालों से मेरी दोस्ती के चर्चे हैं।
- बसंत शर्मा... सारे कागज मेरे पास हैं।
- कमलेश सिमनकर... आजकल हाहाकर नहीं मच रहा।
- संजय सिंह राजपूत... चुनाव होना चाहिए।
- सूरज यदु... काम कैसे होता है, मैं बताता हूं।
- प्रेम प्रकाश साहू... अंचल का पत्रकार।
- उत्तम पांडेय... मेरा लिफाफा अलग बनाना।
- सुनील हुकरे... आराम के लिए आया था, यहां भी फंस गया।
- मुकेश साहू... सबकुछ मैं ही देखता हूं।
- गोविंद साहू... बाजार में खबर ही नहीं है यार।
- गौरव श्रीवास्तव... प्रांतीय वालों से परेशान रहता हूं।
- प्रकाश वर्मा... दुकानदारी शुरू कर दी...अब ब्यूरोचीफ बनूंगा।
- विक्रम बाजपेयी... अब भी कतार में ही हूं।
- परमानंद रजक... हमारा जमाना ही और था।
- किशोर शिल्लेदार... सिर्फ खबरों की ही बात करता हूं।
- प्रमोद शेंडे... सबसे पहले ब्रेक करता हूं।
- राकेश कुमार यादव.. टीआई को थाना दिलाना है।
- नीटू ठाकुर... इसको लगा देना महाराज, भेजा हूं।
- विक्की श्रीवास्तव... मेरी फोटो सब में छप रही।
- अमित चटर्जी... सबका अलग-अलग करवा देना भाई।
- मनोज भिश्रेकर... मेरा समय में पहुंच जाता है।
- अंकित श्रीवास्तव... ब्यूरोचीफ हूं.. हर जगह नहीं जाता।
- मनोज देवांगन... छॉलीवुड में छाए हो।
- शुभम उपाध्याय... अभी वजन घटा रहा हूं।
- अभिषेक यादव... मेरे पास 25 वोट हैं।
- रोहित देवांगन... मेरा नहीं हुआ है भैय्या।

# ये वो बदनाम लोग है जिनसे अमन है,शांति है, वार है और त्यौहार है

बुरा ना मानो होली है!

- दीपक झा - आईजी - बुरा न मानो पहले आभार था,प्रभार था,अब भार है।
- संजय अग्रवाल- कलेक्टर - कलेक्टरी आजकर मैनेजरी हो गई है।
- मोहित गर्ग - एस पी - थानेदारों की अदला बदली या तबादला एक प्रशासनिक प्रक्रिया है।
- राहुल शर्मा - एएसपी - बिलासपुरिया होशियार होते है।
- पुष्पेन्द्र नायक - - मेरे पापा कलेक्टर अक्सर गाते थे बडा नाम करेगा, बेटा हमारा ऐसा काम करेगा
- खेमलाल वर्मा - एसडीएम - भारतमाला से मेरा कोई लेना देना नहीं है।
- अतुल विश्वकर्मा -निगम आयुक्त - बहुत दिन काटा जमीनों की नाप जोख में अब बिल्डिगें और कन्सट्रक्सन नापता हूं।
- एमन साहु -टीआई - अरे भई हम लाईन में कैसे रह सकते
- रामेन्द्र सिंह टीआई - मै उन लोगों से सहमत नही हूं जो कहते है कि नाम वाम में क्या रखा है।
- नवरतन कश्यप - टीआई - सही कह रहे है उपर वाले,हम भी कोई विभाग के रत्न से कम नहीं है।
- समीर शर्मा -पीएचई, ईई - इससे बडी बात क्या होगी कि अनेक लोग मेरे पुत्र के नाम से भी मुझे जानने लगे है।
- नीलेश रामटेके- ईई, डब्ल्यूआरसी - विभाग का दायरा कम हो गया है,कट गया ट्राइबल बेल्ट
- यूके रामटेके- ईई, एन निगम - जिस पोष्ट में हूँ उस पोष्ट में 20 साल पहले भी रह चुका हूं। बेवकूफहै जो प्रमोशन के पीछे भागते है।
- आयुष जैन - डीएफओ - महाभारत की भूमि से डा रमन की नगरी में आया हूं।
- पीके सिघानियां - एसडीओ, पीडब्ल्यूडी - नाम में जरुर पीके है लेकिन मैं हारे के सहारे वाले का हूं।

# जिनके कंधों पर ये देश टिका है उनमें से कुछ हमारे बीच के लोग

बुरा ना मानो होली है!

- डॉ रमन सिंह - पिछले पांच वर्षो से दिखावटी सद्भावना का शिकार रही मेरी प्यारी संस्कारधानी में अब सद्भावना ही सद्भावना दिखेगी।
- सुरेश एच लाल - जहां था लगभग वहीं खडा हूं।
- अशोक शर्मा - देश आगे बढ रहा है,मोदी है तो मुम------।
- खूबचंद पारख - लगता है अब दिल्ली दूर नहीं है।
- सुरेश डुलानी - पार्टी के गोपनीय अधिकारी और पार्टी के स्थानीय वित्त मंत्री
- अभिषेक सिंह - अपनी लाईन गहरी और लंबी करने में लगा हूं।
- मधुसूदन यादव - जीना यहाँ मरना यहां ,निगम के सिवा जाना कहां
- भरत वर्मा - जींदगी में भरत बनकर जीना सीखो तो राजीव लोचन,रमण की आप पर सदैव कृपा दृष्टि रहेगी।
- रामजी भारती - जा पर कृपा राम की होही,तापर कृपा सब की होही।
- कोमलसिंह राजपूत - जैसा नाम वैसा स्वभाव इसलिए 15 साल के सफर को 30 साल लग गए
- संतोष अग्रवाल - जो इन्हे समझ गया समझो पूरी भाजपा को समझ गया।
- सौरभ कोठारी - मेरा आप की कृपा से सब काम --- -- --
- पारस वर्मा - मुझे दुनिया ने भूला दिया था लेकिन पार्टी ने याद रखा,यही तो विशेषता है मेरी मां याने भाजपा की।
- किसुन यदु - ठीक है,उठा पटक,चित पट हार जीत ये सब जीवन के अभिन्न हिस्से है।
- शिव वर्मा - शहर की झुग्गियों में आज भी यही गीत प्रचलित है - सुबह सुबह लो शिव का नाम,शिव आएंगे तेरे काम।
- रमेश पटेल - भाजपा में वही रहता है जिसके पुण्य और भाग्य प्रबल हो।
- नीलू शर्मा - भाजपा में नेताओ के कद बढते जा रहे है। तीसरी लाईन दूसरी बन चुकी है।
- भागवत साहु - हम जहां खडे हो जाते है लाईन वहीं से शुरु होती है।
- कुलबीर छाबडा - जींदगी की यही रीत है,हार के बाद ही जीत है।
- रमेश डाकलिया - सब जानते है,पार्टी लाईन से कभी दांए बांए नहीं हुआ। जो काम मिला,निष्ठा व कर्मठता से किया।
- सुदेश देशमुख - मेयर बनूं या मंत्री,प्रयास यही रहेगा कि वाकिंग और जनता से टाकिंग की निरंतरता बनीं रहे।
- मेहुल मारु - राहुल की प्रायरटी लिस्ट के सदस्य
- जितेन्द्र मुद्लियार - राजनांदगांव कांग्रेस का ट्रेड मार्क या कह सकते है द्यशद्धश.
- हफीज खान - वकालात से फुरसत नहीं इसलिए नहीं बना नेता विपक्ष
- निखिल द्विवेदी - मधु भैया की जगहा कोई और होता तो हिलाकर रख देता।
- सुरेन्द्र दास वैष्णव - भाजपा की गिलहरी
- भोलाराम साहु - सिन्हा और छन्नी की बनती तो मैं विधायक नहीं बन पाता।
- दलेश्वर साहु - शुरु से नाटक व अन्य विधाओं से जुडा हूं। समझदार लोग मेरी एक एक हरकत पर सिर्फ मुस्कुराकर मजा लेते है। विश्वास न हो तो पूछ लो अशोक भैया से।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com